**सं. ए-42011/01/2023-समन्वय**
भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
समन्वय प्रभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: 20 सितम्बर, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय- मंत्रिमंडल के लिए जुलाई, 2024 माह प्रमुख गतिविधियों पर मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों पर अवर्गीकृत मासिक सारांश की एक प्रति जुलाई, **2024** के माह के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

सलग्रक: यथोपरोक्त

हरि मोहन झा 20/09/2024
(हरि मोहन झा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष-23061047

सेवा में
1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।

संलग्नकों सहित अग्रेषित प्रति:

1. भारत सरकार के सभी सचिव
2. आईटी सेल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

<u>अनुलग्नक</u>

जुलाई, 2024 माह के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों/आयोजनों का सारांश निम्नानुसार है:

I. **स्वच्छ भारत मिशन**

i. इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 58.99 लाख व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के मिशन लक्ष्य की तुलना में इस माह 2,173 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है, जिससे निर्मित शौचालयों की कुल संख्या 63.63 लाख तक पहुंच गई है।

ii. इस माह के दौरान 103 वार्डों में 100% डोर-टू-डोर संग्रह का विस्तार हुआ है, जिससे वार्डों की कुल संख्या 93,536 वार्डों (कुल 96,076 वार्डों में से) तक पहुंच गई।

iii. 100% स्रोत पृथक्करण में 77 वार्डों की वृद्धि हुई, जिससे कुल वार्डों की संख्या 87,002 हो गई।

iv. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तीसरे चरण में बल्क वेस्ट जनरेटरों का क्षेत्र मूल्यांकन 31 जुलाई 2024 को शुरू हुआ।

**II. अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)**

<u>**अमृत**</u>

i. इस माह के दौरान 291 करोड़ रुपये की लागत वाली 36 परियोजनाएं पूरी हो गईं है।

ii. इस माह में कुल 362 करोड़ रुपये के कार्य निष्पादित किए गए हैं।

iii. अब तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 83,371 करोड़ रुपये की 5,996 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 77,845 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जमीनी स्तर पर निष्पादित हो।

**अमृत 2.0**

मासिक उपलब्धि

i. 2,776.55 करोड़ रुपये की लागत वाली 171 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) को अनुमोदित किया गया है।

ii. 3,531.92 करोड़ रुपये की लागत वाली 361 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की गई है ।

iii. 6,814.54 करोड़ रुपये की लागत वाली 375 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए जा चुके हैं।

संचयी उपलब्धि

i. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत 1,82,568.98 करोड़ रुपये की लागत वाली 8,205 परियोजनाओं के लिए राज्य जल कार्य योजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

ii. 1,16,586.69 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,235 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अनुमोदित की गई है।

iii. 1,03,935.93 करोड़ रुपये की लागत वाली 5,416 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआई टी) जारी की गई है।

iv. 72,739 करोड़ रुपये की लागत वाली 4,258 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए गए हैं।

v. 866.35 करोड़ रुपये की लागत वाली 584 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

**III. दीनदयाल अंत्योदय योजना / राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई/एनयूएलएम)**

i. इस माह के दौरान 12,855 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) गठित किए गए 8,488 एसएचजी को रिवाल्विंग फंड दिया गया, 15,471 लाभार्थियों को व्यक्तिगत और सामूहिक सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण सहायता प्रदान की गई तथा एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत 360 ऋण एसएचजी को दिए गए ।

ii. मिशन की शुरुआत से अब तक कुल 9,69,359 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं और 9,68,040 व्यक्तियों और लाभार्थी समूहों को सहायता प्रदान की गई है। कुल मिलाकर 6,68,802 स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड दिया गया है।

**IV. पीएम पथ विक्रेता आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि)**

i. जुलाई, 2024 माह के दौरान 6.50 करोड़ रुपए मिशन के तहत जारी किए गए हैं।

ii. पीएम स्वनिधि के अंतर्गत जुलाई 2024 □□ 1,09,55,842 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 90,83,938 आवेदन स्वीकृत किए गए और 86,73,799 ऋण संवितरित किए गए।

**V. प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)/सभी के लिए आवास (एचएफए)**

i. मिशन की शुरूआत से लेकर अब तक मिशन ने 1.19 करोड़ आवासों को स्वीकृति दी है, जिनमें से 114.41 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हुआ है और इनमें से 85.55 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है/ये आवास लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

ii. इस माह के दौरान 520.39 करोड़ रुपए जारी किए □□, जिससे जून 2015 में शुरूआत से लेकर अब तक जारी संचयी राशि 1,64,471 करोड़ रुपये हो गई।

**VI. आवासन**

इस माह के दौरान भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 के अंतर्गत की गई प्रगति:

(i) 904 भू-संपदा परियोजनाएं पंजीकृत की गईं।
(ii) 209 भू-संपदा एजेंट पंजीकृत किए गए।
(iii) विभिन्न भू-संपदा विनियामक प्राधिकरणों द्वारा 408 शिकायतों का निपटान किया गया।

देश भर में रेरा के तहत कुल 1,31,090 भू-संपदा परियोजनाएं और 88,670 भू-संपदा एजेंट पंजीकृत हैं। देश भर में रेरा द्वारा निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या 1,25,355 है।

**VII. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग**

i. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक श्री गिरीश चंद्र मुर्मू ने राजकोट में स्थानीय शासन की लेखा परीक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र (आईसीएएल) का 18.07.2024 को उद्घाटन किया।

ii. श्री संजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, सीबीआईसी ने नई दिल्ली में जीएसटी खुफिया महानिदेशालय के नए पुनर्निर्मित कार्यालय भवन का 12.07.2024 को उद्घाटन किया।

iii. सीपीडब्ल्यूडी और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के बीच 18.07.2024 को सी/ओ एग्जिट ट्रैक, बाहवान में बैटरी टैक्सी कार पार्किंग, कटरा में 9 कॉटेज और मेस और बाहवान में स्काईवॉक के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

iv. लेह में 24.07.2024 से 26.07.2024 तक एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) के कार्यान्वयन पर तीन दिवसीय कार्यशाला सीपीडब्ल्यूडी द्वारा आयोजित की गई।